**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## राष्ट्रपति आज पंतनगर में देंगे दीक्षांत व्याख्यान

पंतनगर। 6 नवम्बर 2023। पंतनगर विश्वविद्यालय में कल (आज) आयोजित होने वाले 35वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मु पन्तनगर पधार रहीं हैं। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के राज्यपाल माननीय ले. जरनल गुरमीत सिंह, रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री माननीय श्री अजय भट्ट एवं उत्तराखण्ड के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री माननीय श्री गणेश जोशी भी मंचासीन रहेंगे। प्रातः 11:00 बजे से दीक्षांत पण्डाल में प्रारम्भ होने वाले इस दीक्षांत समारोह में उनके द्वारा 1041 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सर्वोत्तम एक विद्यार्थी को कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कुलपति के 11 स्वर्ण पदक 11 रजत पदक एवं 10 कांस्य पदक भी विभिन्न विषय के सर्वोत्तम स्नातकों को प्रदान किये जायेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक–एक विद्यार्थी सरस्वती पांडा अवार्ड, श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड, डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड एवं भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। दो विद्यार्थियों को भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पन्त मेडल से भी सम्मानित किया जायेगा। उपाधि व पदक प्रदान करने की प्रक्रिया के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। आज पूर्वाहन में पुनः जिला प्रशासन द्वारा ग्रीन रूम, दीक्षान्त समारोह पण्डाल एवं अन्य संबंधित स्थलों का भ्रमण कर यथास्थिति सुनिश्चित की गयी। अपराह्न में कुलपति की अध्यक्षता में विद्वत शोभा मण्डल का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद् एवं विद्वत परिषद् के सदस्य विद्वत शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।

**निदेशक संचार**